इलेक्ट्रॉनिकी एवं फोटोनिकी अध्ययनशाला
पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)

स्वच्छता पखवाड़ा एवं मद्य निषेध सप्ताह

इलेक्ट्रॉनिक एवं फोटॉनिक अध्ययनशाला, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा 02 से 08 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा एवं मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्ययनशाला के कर्मचारियों और छात्रों ने मिलकर पूरे अध्ययनशाला परिसर की सफाई की। पेड़ों को पानी दिया गया और नए पौधे भी रोपित किए गए।

स्वच्छता पखवाड़े में 06 अक्टूबर को मद्य निषेध सप्ताह भी मनाया गया। इस दिन अध्ययनशाला के छात्रों ने एक नुक्कड़ नाटक का मंचन गाँधी उद्यान एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं फोटॉनिक अध्ययनशाला में किया। नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य लोगों को बढ़ते धूम्रपान और स्कूल-कॉलेज में बढ़ते शराब के सेवन के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना था। नुक्कड़ नाटक में धूम्रपान और शराब के कारण होने वाली बीमारियों के बारे में बताया गया। नाटक में यह भी दिखाया गया कि धूम्रपान और शराब बच्चों और युवाओं के लिए कितना हानिकारक है।

डॉ एल एस गजपाल सर के द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन और सराहना किया गया। माननीय कुलपति डॉ सच्चिदानंद शुक्ला जी ने कहा कि स्वच्छता और मद्य निषेध हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। स्वच्छता से हमें कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, जबकि धूम्रपान और शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने सभी लोगों से स्वच्छता एवं मद्य निषेध के प्रति जागरूक होने और इनका पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अध्ययनशाला के सभी कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।

इलेक्ट्रॉनिकी एवं फोटोनिकी अध्ययनशाला

पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)

आज़ादी का अमृत महोत्सव